झारखण्ड सरकार

नगर विकास एवं आवास विभाग

दिनांक 16 मार्च, 2017 को प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड की अध्यक्षता में अमृत योजना अन्तर्गत गठित राज्य स्तरीय तकनीकी समिति (SLTC) की पंचम बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति– संलग्न।

सर्वप्रथम प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग–सह–अध्यक्ष, राज्य स्तरीय तकनीकी समिति द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया।

निदेशक, राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा उपस्थित सदस्यों को सूचित किया गया कि अमृत योजना अंतर्गत आच्छादित 7 शहरों, यथा– राँची, धनबाद, चास, हजारीबाग, आदित्यपुर, देवघर एवं गिरिडीह हेतु शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु DPR तैयार किया जा रहा है, जिसकी तकनीकी स्वीकृति प्रदान करने हेतु राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक आहूत की जाती है।

SLTC की बैठक में निम्नलिखित परियोजनाओं हेतु तैयार DPR पर चर्चा की गई :–

1. हजारीबाग जलापूर्ति परियोजना –

1.1 निदेशक, राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा सूचित किया गया कि हजारीबाग जलापूर्ति परियोजना हेतु परामर्शी M/s. SETECH Ltd. द्वारा तैयार किए गए DPR को जुडको लि॰ एवं तकनीकी कोषांग, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा परीक्षणोपरांत तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई है।

1.2 DPR तैयार करने वाली संस्था M/s. SETECH Ltd. के द्वारा उपस्थित सदस्यों को क्रमवार प्रस्तुतिकरण के माध्यम से हजारीबाग जलापूर्ति परियोजना की जानकारी दी गई।

1.3 वर्तमान में हजारीबाग नगर निगम की जनसंख्या (वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार) लगभग 1,97,466 है। वर्तमान जनसंख्या के अनुसार 23.48 MLD जलापूर्ति की मांग है, जिसके विरुद्ध लगभग 11 MLD जलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान जलापूर्ति व्यवस्था दो जल स्रोतों क्रमशः छड़वा डैम एवं हजारीबाग झील पर निर्भर है, जो इतनी बड़ी आबादी के लिए अपर्याप्त है। जल स्रोतों की अपर्याप्त क्षमता एवं हजारीबाग नगर निगम के सभी क्षेत्रों में समुचित वितरण व्यवस्था की अनुपलब्धता के कारण एक बड़ी आबादी को जलापूर्ति सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है।

1.4 वर्तमान में कार्यरत जलापूर्ति व्यवस्था के तहत छड़वा डैम में 9.8 MLD एवं हजारीबाग झील में 0.9 MLD क्षमता का Water Treatment Plant अधिष्ठापित है। इन दोनों Water Treatment Plant में से सिर्फ छड़वा डैम के द्वारा ही शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति की जाती है, जबकि हजारीबाग झील में अधिष्ठापित Water Treatment Plant के द्वारा एक सीमित क्षेत्र में ही जलापूर्ति होती है। अतः प्रस्तावित परियोजना में 40.97 MLD क्षमता का Water Treatment Plant अधिष्ठापन किया जाना प्रस्तावित है, जिसे आगामी 30 वर्षों के मांग के आधार पर डिजाईन किया गया है।

1.5 वर्ष 2050 तक हजारीबाग शहरी क्षेत्र की अनुमानित आबादी 4,53,791 होने की संभावना है, जिसके विरुद्ध Gross Demand 56 MLD हो जाएगा। मांग के विरुद्ध आपूर्ति करने में वर्तमान जल स्रोतों की अक्षमता को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित जलापूर्ति व्यवस्था में हजारीबाग शहर से 47 कि॰मी॰ की दूरी पर अवस्थित कोनार डैम से जलापूर्ति किये जाने की योजना है। कोनार डैम के माध्यम से वर्ष 2050 तक के माँग के विरुद्ध जलापूर्ति करने की क्षमता सुनिश्चित की गई है।

1.6 वर्तमान एवं प्रस्तावित वितरण व्यवस्था को मिलाकर एवं भविष्य की मांग को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2050 तक की योजना के अनुसार प्रस्तावित परियोजना का Network Design तैयार किया गया है।

1.7 प्रस्तावित परियोजना के डिजाईन एवं अवयवों को Stakeholder Meeting आयोजित कर विमर्शित किया गया है।

1.8 इस परियोजना हेतु तैयार किए गए DPR में Operation & Maintenance (O&M) व्यय का आकलन करते हुए इसके अनुमानित लागत को DPR में जोड़ा गया है। रख–रखाव (O&M Period) की अवधि 5 वर्ष निर्धारित की गई है।

2093
27/03/17

1.9 प्रस्तावित परियोजना में शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित सभी Service Level Benchmarks को ध्यान में रखा गया है एवं भविष्य के मांग के आधार पर 24×7 जलापूर्ति व्यवस्था हेतु प्रावधान किया गया है।

1.10 उपरोक्त परियोजना के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सभी भूखंड हजारीबाग नगर निगम के पास उपलब्ध है।

1.11 प्रस्तावित परियोजना के प्रमुख अवयव निम्नलिखित है :–

Components	Details
Source	Konar Dam
Head Work Intake well cum pump house Approach bridge (RCC)	 Dia 18.50 m, Depth - 35.30 m Length 1300 m
Pumping Main Raw Water (Type of Pipe/Length/Dia) Clear Water (Type of Pipe/Length/Dia)	 PM-1/ DI-K9/ 7299m/ 900mm PM-2/ DI-K9/ 15404m/ 900mm PM-3/ DI-K9/ 15538m/ 800mm CL-1/ DI-K9/ 8800m/200-500mm CL-2/ DI-K9/ 1520m/200-700mm CL-3/ DI-K9/ 400m/150mm
WTP	Conventional WTP - 40.97 MLD
Water Distribution Network (Type of Pipe/Length/Dia)	DI-K7/363 Kms/100-700mm
ESR (11 Nos)	690-3350 KLD
SCADA	Up to ESR outlet
House connection & consumer Metering	100% coverage

1.12 परियोजना के क्रियान्वयन की अनुमानित लागत राशि निम्नलिखित है :–

Capital Expenditure (CAPEX)	
A. Cost of Components	280.71 Crores
B. Land Acquisition	1.50 Crores
O&M Expenditure for 5 yrs. (OPEX)	17.81 Crores
Total	**300.02 Crores**

1.13 अमृत योजना के मार्गदर्शिका के कंडिका–3.1.9 के अनुसार प्रस्तावित परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए भुगतेय राशि अमृत योजना के केन्द्रांश एवं राज्यांश से देय नहीं होगी। अतः इस राशि को राज्य योजना अंतर्गत सुसंगत मद से प्रावधानित किया जाय।

1.14 अमृत योजना के मार्गदर्शिका में उल्लेखित प्रावधानों एवं शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गयी अमृत योजना के State Annual Action Plan के अनुसार इस परियोजना के अधिष्ठापन हेतु लागत राशि (CAPEX) योजना अंतर्गत स्वीकृत मद से देय होगी तथा रख–रखाव की राशि (OPEX) हेतु राज्य योजना मद से प्रावधान किया जा सकेगा।

2. **हजारीबाग पार्क परियोजना –**

जुडको लि॰ के विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि हजारीबाग में अवस्थित स्वर्ण जयंती पार्क का जीर्णोधार अमृत योजना के अंतर्गत किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए DPR तैयार किया गया है, जिसमें सभी आयु वर्ग की आवश्यकता के अनुसार सुविधायें सन्निहित की गई हैं एवं रख–रखाव के प्रावधान, सुरक्षा, स्वच्छता एवं वाहन पड़ाव की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

परियोजना की लागत राशि 1.37 (एक करोड़ सैंतीस लाख) रुपए है।

3. **चास पार्क परियोजना –**

जुडको लि॰ के विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि चास में अमृत योजना अंतर्गत निर्माणाधीन पार्क का विस्तारीकरण प्रस्तावित है। निर्माणाधीन पार्क के विस्तारीकरण हेतु तैयार किए गए DPR में बाल्यावस्था एवं वृद्धावस्था के लोगों के लिए विशेष संसाधनों की उपलब्धता किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही, रख–रखाव के प्रावधान, सुरक्षा, स्वच्छता एवं वाहन पड़ाव की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

परियोजना की लागत राशि 1.72 (एक करोड़ बहत्तर लाख) रुपए है।

4. **देवघर पार्क परियोजना –**

जुडको लि॰ के विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि देवघर में अवस्थित रोहिणी पार्क का पुनर्विकास अमृत योजना के अंतर्गत किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए तैयार किए गए DPR में वर्तमान व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के अतिरिक्त अन्य संसाधन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। देवघर पार्क परियोजना हेतु रख–रखाव के प्रावधान, सुरक्षा, स्वच्छता एवं वाहन पड़ाव की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

परियोजना की लागत राशि 2.68 (दो करोड़ अड़सठ लाख) रुपए है।

5. समिति के सदस्यों द्वारा निम्नलिखित सभी परियोजनाओं हेतु तैयार किए गए DPR एवं इसमें उल्लेखित लागत राशि को सर्वसम्मति से स्वीकृत करने की अनुशंसा की गई :–

Sl. No.	Name of Project	CAPEX (in crores)	OPEX (in crores)	Total Project Cost (in crores)
1	Hazaribagh Water Supply	282.21	17.81	**300.02**
2	Hazaribagh Park Project	1.37	-	**1.37**
3	Chas Park Project	1.72	-	**1.72**
4	Deoghar Park Project	2.68	-	**2.68**
	Total	**287.98**	**17.81**	**305.79**

6. समिति के सदस्यों द्वारा पार्क निर्माण परियोजनाओं हेतु भारत सरकार द्वारा स्वीकृत राशि से अतिरिक्त अधिभार को राज्य योजना मद से वित्त पोषण करने की अनुशंसा की गई।

बैठक सधन्यवाद संपन्न हुई।

27.3.17

(अरुण कुमार सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक– SUDA/AMRUT/SLTC-62/2016 2093
रॉंची, दिनांक 27/03/17

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव, योजना–सह–वित्त विभाग/अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग/सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग/निदेशक, राज्य शहरी विकास अभिकरण/प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग/परिवहन आयुक्त, झारखण्ड/संयुक्त सचिव (योजना), नगर विकास एवं आवास विभाग/श्री जे॰बी॰ रविंदर, उप सलाहकार, शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार/मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग/मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग/मुख्य अभियंता, तकनीकी कोषांग, नगर विकास एवं आवास विभाग/नगर निवेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग/परियोजना निदेशक (तकनीकी), जुडको लिमिटेड को सूचनार्थ एवं आवश्यक अनुपालन हेतु प्रेषित।

27.3.17

सरकार के प्रधान सचिव।